# जनपद शामली पुलिस

**--मीडिया / सोशल मीडिया सेल शामली--**

प्रेसविज्ञप्ति                                                                                   दिनांक 14.07.2022

**थाना कैराना**

**थाना कैराना पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा में लाए 01 अभियुक्त द्वारा चोरी की नगदी एवं घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार बरामद।**

आज दिनांक 14.07.22 को थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त आमिर पुत्र राशीद उर्फ कल्लू निवासी मौ0 अफगानान थाना कैराना जनपद शामली को पुलिस अभिरक्षा में लाया गया। उक्त अभियुक्त द्वारा स्वयं की निशादेही पर चोरी की नगदी से 2600/- रुपये एवं घटना में प्रयुक्त अवैध 01 चाकू बरामद कराया गया है।

ज्ञात हो कि दिनांक 17.05.2022 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत नदीम पुत्र शरीफ निवासी अफगानान थाना कैराना जनपद शामली द्वारा घर से अज्ञात चोर द्वारा नगदी व सोने/चांदी के आभूषण चुरा ले जाने के सम्बन्ध में थाने पर लिखित तहरीर दाखिल की गई, दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पुलिस द्वारा न्यायालय से अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेने के लिए दिनांक 13.07.22 को प्रत्यावेदन किया गया था। उक्त संबंध में मा 0 न्यायालय द्वारा कैराना पुलिस को अभियुक्त का दिनांक 14.07.2021 को पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड स्वीकृत किया गया, जिसको कैराना पुलिस अभिरक्षा में लेकर उक्त अभियुक्त की निशादेही पर चोरी की गई नगदी से 2600/- रुपये एवं घटना में प्रयुक्त 01 अवैध चाकू बरामद कराया हैं। बरामदगी के संबंध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्त आमिरः-**

1-मु0अ0सं0 228/21 धारा 380,457 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

2-मु0अ0सं0 229/21 धारा 4/25 A ACT थाना कैराना जनपद शामली।

**अभियुक्त की निशादेही पर बरामदगी का विवरणः-**

1- चोरी की नगदी से 2600/- रुपये एवं घटना में प्रयुक्त 01 अवैध चाकू।



# थाना कोतवाली

## थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

आज दिनांक 14.07.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं/बालिकाओं के साथ हो रहे अपराध एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में उसके परिजन द्वारा थाना कोतवाली पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा नाबालिग को सकुशल बरामद करते हुए घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को दिये गये थे।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. दीपक पुत्र समन्दर सैन निवासी बन्तीखेडा थाना बाबरी जनपद शामली।



**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में जनपद की थाना कैराना/मॉनीटरिंग सेल/अभियोजन द्वारा आयुध अधिनियम के मामलों में प्रभावी पैरवी के चलते 01 अभियुक्त को मा0 न्यायालय द्वारा सुनाई 05 माह के कारावास की सजा, साथ ही 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित भी किया गयाः-**

वर्ष 2022 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त इरशाद पुत्र याकूब निवासी भूरा थाना कैराना जनपद शामली को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना कैराना पर मु0अ0सं0 71/2022 धारा 4/25 A ACT पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमे में अभियुक्त को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए थाना कैराना पुलिस द्वारा आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया था। उक्त मुकदमें में अभियुक्त को सजा कराए जाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा थाना कैराना/ मॉनिटरिंग सेल को मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना कैराना/ मॉनिटरिंग सेल/अभियोजन सेल द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आज दिनांक 14.07.2022 को माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त इरशाद उपरोक्त को 05 माह के साधारण कारावास की सजा एवं 1000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित भी किया गया है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

1. इरशाद पुत्र याकूब निवासी भूरा थाना कैराना जनपद शामली।

## थाना आदर्शमण्डी

**अवैध शराब में 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 10 ली0 कच्ची शराब बरामद ।**

आज दिनांक 14.07.2022 को थाना आदर्शमण्डी द्वारा 01 अभियुक्त मदन पुत्र गेन्दा निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना कांधला

**01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद ।**

आज दिनांक 14.07.2022 को थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 चोर इदरीश पुत्र इलियास निवासी ग्राम कसेरवा थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली को 01 चोरी के मोबाइल ( Redmi ) सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना कैराना

**अवैध शराब में 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 05 ली0 कच्ची व 05 ली0 अपमिश्रित शराब बरामद ।**

आज दिनांक 14.07.2022 को थाना कैराना द्वारा 01 अभियुक्त रिजवान पुत्र मेहरबान निवासी मौ0 आलखुर्द कस्बा थाना कैराना जनपद शामली को अवैध 05 लीटर कच्ची व 05 लीटर अपमिश्रित शराब सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।